56

# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग
## सकारण आदेश

सकारण आदेश संख्या–14/अ0प्र0–14–260/2025 11011 /पटना, दिनांक– 21.10.25

दिनांक 16.06.2025 को अधोहस्ताक्षरी के अध्यक्षता में सम्पन्न तकनीकी बीड समिति की बैठक की कार्यवाही के अनुसार मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजनान्तर्गत कार्य प्रमंडल, चकिया के अधीन Package No. MGSY/24-25/Chakia/03 (Tender ID- 140706) हेतु दिनांक 09.05.2025 को प्राप्त निविदा में भाग लेने वाले निविदाकारो के तकनीकी बीड संबंधी कागजात की समीक्षा की गयी।

उक्त निविदा में M/S Shivam Kumar (Reg. No. 1210170) Add:- At Chhotta Bariyarpur Motihari P.o- Motihari, P.s- Chhatauni, Dist- East Champaran Pincode: 845401 (BID ID-615667) द्वारा समरूप कार्य अनुभव के रूप में समर्पित झाखरा पदौलिया पथ के धनौती नदी के गड़ई घाट पर जर्जर पुल के जगह पर उच्च स्परीय पुल निर्माण कार्य का कार्य अनुभव प्रमाण–पत्र संलग्न किया गया है, जिसमें कुल भुगतान की गयी राशि 272.74920 लाख रूपय अंकित है, जबकि कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, मोतिहारी के पत्रांक 1242 दिनांक 27.05.2025 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि उकत पुल निर्माण कार्य में कुल भुगतान की गयी राशि 256.23589 लाख रूपया है। अतः जाली समरूप कार्य अनुभव प्रमाण–पत्र समर्पित करने के कारण इन्हें CMBD की कंडिका.– 4.7 (i) के आलोक में इन्हें तकनीकी रूप से अयोग्य घोषित करते हुए विभागीय गैर सरकारी प्रेषण संख्या–243 अनु0 दिनांक 22.08.2025 द्वारा बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007 के तहत कार्रवाई किये जाने की अनुशंसा की गयी।

उक्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक 9568 अनु0 दिनांक 03.09.2025 एवं 10258 दिनांक 24.09.2025 द्वारा उक्त कृत्य हेतु संवेदक M/S Shivam Kumar से स्पष्टीकरण की माँग की गयी, जो अब तक अप्राप्त है। इससे स्पष्ट होता है, कि संवेदक को अपने पक्ष में कुछ नहीं कहना है।

अतएव वर्णित तथ्यों के आलोक में विभागीय समीक्षोपरान्त बिहार सरकार ग्रामीण कार्य विभाग की अधिसूचना संख्या–8123 दिनांक 19.12.2007 के कंडिका–11 (क) उप कंडिका–(ix) एवं (ख) (ii) में निहित प्रावधानों के आलोक में निविदाकार/संवेदक M/S Shivam Kumar (Reg. No. 1210170) Add:- At Chhotta Bariyarpur Motihari P.o- Motihari, P.s- Chhatauni, Dist- East Champaran Pincode: 845401 के निबंधन संख्याः–1210170 को अगले 02 (दो) वर्षो के लिए कालीकृत (**Blacklist**) किया जाता है।

ह0/- 17.10.25
(जय किशोर ठाकुर)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–260/2025 11011 /पटना, दिनांक– 21.10.25

प्रतिलिपि– M/S Shivam Kumar Add:- At Chhotta Bariyarpur Motihari P.o- Motihari, P.s- Chhatauni, Dist- East Champaran Pincode: 845401 को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/- 17.10.25
अभियंता प्रमुख

क0प्र0उ0

/पटना, दिनांक– 21.10.25

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–260/2025 11011

प्रतिलिपि–प्रधान सचिव/सचिव/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधान विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/ नगर विकास विभाग/उर्जा विभाग/कृषि विभाग, बिहार, पटना/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/ सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियता/सभी कार्यपालक अभियंता/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

17.10.25

अभियंता प्रमुख

/पटना, दिनांक– 21.10.25

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–260/2025 11011

प्रतिलिपि– अपर मुख्य सचिव के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

17.10.25

अभियंता प्रमुख

/पटना, दिनांक– 21.10.25

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–260/2025 11011

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14 एवं प्रशाखा में कार्यरत सभी सहायक/आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

17.10.25

अभियंता प्रमुख